## खबर संक्षेप

### खनिज प्रतिष्ठान के विकास कार्यों की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरूवार 22 दिसंबर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी, बैठक में पूर्व वर्षों में एवं पूर्व की बैठकों में जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी सहित बैठक में संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

### जिला पंचायत ए ग्रेड के साथ प्रदेश में टॉप फाइव में

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की सतत निगरानी की वजह से जिला पंचायत कटनी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश स्तर पर जारी ग्रेडिंग में प्रथम समूह में ₹ए₹ ग्रेड के साथ टॉप 5 में रहकर पांचवे पायदान पर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत द्वारा माह नवंबर 2023 में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 481 शिकायतों को 87.32 कुल वेटेज के साथ निराकरण किया गया है। सीईओ श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे अधिकारी कर्मचारियों के बेहतर कार्य पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाने का कार्य शीध्र होगा

**कटनी।** नगर निगम सीमान्तर्गत माधवनगर गेट के पास चौराहे पर ट्रेफिक सिग्नल दो साल से बंद होनें तथा अभी तक नही लग पानें संबंधी शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी को उक्त मामले की जॉच कर निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर नगर पालिक निगम की परिवहन कंपनी व्दारा अवगत कराया गया कि माधव नगर चौराहे पर ट्रैफिक सिगनल लगाये जाने हेतु निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमे ट्रैफिक सिग्नल लगाने हेतु इलेक्ट्रोएड्डुस इंदौर से अनुबंध किया गया है। निविदाकार इलेक्ट्रोएड्डुस व्दारा माधवनगर पर ट्रैफिक सिगनल लगाने के लिए फाउंडेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है जिसे एक माह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

### नामनिर्देशन की आज अंतिम तिथि, मतदान 5 जनवरी को

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2023 के निर्वाचन की अधिसूचना मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी की गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन कटनी के वार्ड क्रमांक 09 महात्मा गांधी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 36 राजेंद्र प्रसाद वार्ड तथा पंचायत उप-निर्वाचन कटनी जिले में रिक्त पद जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 15 तथा जनपद पंचायत बड़वारा, कटनी, रीठी, विजयराघवगढ़ में रिक्त पंच पदों का निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है। जारी कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकाय तथा पंचायत उप निर्वाचन के नामनिर्देशन 22 दिसंबर तक लिये जायेगें जिस हेतु आयोग के जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 5 जनवरी 2024 को होगा।

### सुशासन दिवस पर आज दिलायी जायेगी शपथ

**कटनी।** रविवार 24 दिसम्बर एवं शनिवार 23 दिसंबर को शासकीय अवकाश होने से आज शुक्रवार 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ ली जायेगी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस संबंध में एसपी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ ही सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, कमिश्नर नगर पालिक निगम, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं।

---

विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हथेड़ा का मामला, भैंस की मौत के बाद हरकत में आई पुलिस

# जंगली जानवरों का शिकार करने बिछाया था जाल, 31 बम किये बरामद, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हथेड़ा में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए एक युवक के द्वारा रास्तों में बम बिछाकर रखा गया था। एक भैंस द्वारा बम चबा लेने के चलते उसका जबड़ा उड़ गया। ग्रामीणों की शिकायत पर जब पुलिस पहुंची और मामले की पड़ताल प्रारंभ की तो पुलिस के भी होश उड़ गए। पतासाजी करने पर एक युवक को पकड़ा गया। आरोपी की बताई निशानदेही से 31 नग सुअरमार बम भी जब्त किए गए हैं। आरोपी ने जंगली जानवरों के शिकार के लिए सुअर मार बम बिछाए थे जिसके खाने से एक भैंस की भी मौत हो गई। विजयराघवगढ़ पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम हथेड़ा निवासी युवक ने बताया कि वह भैंस चराने के लिए गया था और जब वह मवेशियों को लेकर लौट रहा था तो रास्ते में पड़ा हुआ विस्फोटक पदार्थ खा भैंस ने लिया जिससे उसका जबड़ा उड़ गया। भैंस लहूलुहान होकर घर पहुंची और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले की जानकारी लगते ही विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़यिा एवं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ केपी सिंह के मार्गदर्शन में टीम गठित कर स्वयं मौके पर रवाना हुए। पुलिस द्वारा बीडीएस की भी मदद ली गई। ग्रामीणों को घटना वाले स्थान पर न जाने के लिए सचेत भी थाना प्रभारी ने किया। जब पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो कुछ सुअर मार बम वहां भी पड़े मिले जिन्हें बम स्क्वॉयड की टीम ने डिफ्यूज किया। इसके बाद पतासाजी करने पर पता चला कि जलकुंवर पारधी पिता भानू पारधी निवासी खलैंधा को उस स्थान की ओर आते जाते देखा गया था जहां देशी बम रखे हुए थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर उक्त व्यक्ति को पकड़ा और पूछताछ की जिस दौरान पहले तो उसने पुलिस को बरगलाने का प्रयास करता रहा लेकिन पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ जारी रखी जिस दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

#### घर में रखी थी विस्फोटक पदार्थ बनने की सामग्री

थाना प्रभारी ने बताया कि जब पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली तो वहां विस्फोटक पदार्थ बनाने की कुछ सामग्री पाई गई। इसके बाद पुलिस ने सघन पूछताछ की और उसके बाद आरोपी की बताई निशानदेही से कई सुअरमार बम बरामद किए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि कुल 31 नग बम बरामद किए गए है और आरोपी के विरूद्ध धारा 4, 5 विस्फोटक अधिनियम व 429 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस की मानें तो अगर समय रहते मौके पर पुलिस न पहुंचती और सुअर मार बम न उठाए जाते तो किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।

#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

विस्फोटक पदार्थ के विरूद्ध कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर, सहायक उनि हिम्मत यादव, जयराम साकेत, जगदीश पांडेय सउन, प्रधान आरक्षक सोमनाथ शर्मा, आरक्ष पप्पू पजापति, मज्जू कोल, एनआरएस संजू कोल, नेक सिंह आदि की सक्रिय भूमिका रही।

---



# डीपीएस में कॉलेज चलो अभियान तहत सेमिनार का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डी. पी. एस. कटनी में 'कॉलेज चलो अभियान ' के तहत कक्षा 9 वीं - 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर एम. पी. यादव एवं दिवाकर ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का महत्त्व बताया तथा शासन की मंशा से रूबरू कराया कि आखिर NEP-20 का उद्देश्य क्या है तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति कैसे होगी।

एम. पी. यादव सर ने बताया कि कई बार हम यह देखते हैं कि बच्चे 10 वीं 12 वीं तक शिक्षा के प्रति रुझान तो दिखाते हैं लेकिन कॉलेज की शिक्षा से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। इस कारण हमारा देश एवं समाज जितनी उच्च शिक्षा प्राप्त नागरिक प्राप्त कर सकता है उनसे वंचित रह जाता है। श्री दिवाकर ने सरकारी योजनाओं से भी रुबरु कराया कि यदि आप अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त करते हैं तो सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले सकते हैं। उन्होंने एन.सी.सी. की कार्यप्रणाली, उसके लाभ एवं उसकी आवश्यकता के बारे में भी बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. की ट्रेनिंग सर्टिफिकेट सरकारी नौकरी में भी सहायक होता है। वास्तव में आज का सेमिनार छात्रों के लिए बहुत ही लाभदायक था। इस कार्यक्रम को संपन्न करवाने में श्रीमती छवि शर्मा एवं रजत चटर जैन सर ने महती भूमिका निभाई।

---

छात्रों के साथ बैठकर किया भोजन, व्यवस्था देख की सराहना

# छात्रावास का किया निरीक्षण, छात्रों से संवाद कर परीक्षा की तैयारियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने विजयराघवगढ़ स्थित आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मिशन -45 के तहत बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु किये जा प्रयासों से अवगत हुए और छात्राओं को कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों से मिशन फाइनल -30 के तहत हर विषय के प्रतिदिन मिल रहे प्रश्न पत्रों के संबंध में भी छात्रों से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया ,चर्चा के दौरान छात्रों ने बताया कि छात्रावास प्रबंधन द्वारा उन्हें समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। छात्रावास में रेमेडियल कक्षायें लगाई जा रही हैं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। कलेक्टर ने छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रावास के किचन, शयन कक्ष एवं लायब्रेरी का भी निरीक्षण किया तथा छात्रावास के व्यवस्थाओं की सराहना की।उन्होंने छात्रों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया।

#### शासकीय मॉडल हाई स्कूल पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने शासकीय मॉडल हाई स्कूल पहुंचकर अध्यनरत बालक - बालिकाओं से संवाद करते हुए प्रतिदिन के विषयों पर अध्ययन की विषयवार जानकारी प्राप्त की। विद्यालय में प्रदाय की जानें वाली सुविधाओं से अवगत होते हुए उत्कृष्ट अध्यापन हेतु कुशल मार्गदर्शन भी कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रदान किया।

एक ही परिसर में विद्यालय की व्यवस्था पर शासकीय कन्या हाई स्कूल परिसर पहुंचकर छात्राओं के अध्यापन की गतिविधियों एवं परीक्षा की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की एवं अध्ययनरत छात्रों को मन लगाकर पढाई करने हेतु प्रेरित किया। कन्या हाई स्कूल की छात्रा द्वारा कलेक्टर श्री प्रसाद से साइकिल की मांग करने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रा की मांग को संज्ञान में लेते हुए प्राचार्य को आवश्यक दिशा- निदेश दिए।

---

## नियमों का पालन कर निर्धारित रूट पर वाहन चलाने हिदायत



थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बैठक कर शहर के ई रिक्शा चालकों को सख्त लहजे में नियमों का पालन करने की हिदायत दी थी। गुरूवार को यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे स्टेशन के बाहर स्थित आटो स्टैंड पहुंचे और उन्होंने चालकों को समझाइश दी। इस संबंध में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बातचीत करते हुए कहा कि शहर में ई रिक्शा संचालन के लिए आरटीओ एवं यातायात विभाग के द्वारा 6 रूट निर्धारित किए गए हैं। इन्हीं रूटों पर ई-रिक्शा चालकों को नियम का पालन करते हुए चलने की हिदायत दी गई है। वाहन चालकों को समझाइए देने के लिए स्टेशन के बाहर ऑटो स्टैंड में पहुंचे थे। वहां पर ई रिक्शा ऑटो चालकों को साफ शब्दों में यह समझाइश दी गई है कि नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं। वाहन चलाने के दौरान चालक का लाइसेंस और वाहन के कागजात होना आवश्यक है। यदि जांच के दौरान दस्तावेज नहीं पाए गए तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तो वाहन चालकों को समझने का काम चल रहा है समझाइए देने के बाद फिर सड़क पर जांच कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

---

# भाजपा ने टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी एवं राहुल गांधी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया, और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का माखौल उड़ाया गया, यह सिर्फ राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। यह विदेशों में बसे लाखों भारतीयों का भी अपमान है और इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी, कल्याण बैनर्जी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए।

यह बात भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने थाना तिराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए कही। श्री टण्डन ने कहा कि उपराष्ट्रपति के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही इंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री भले ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने की हो, जो कैमरे के सामने एक महिला विधायक के गाल खींचकर अभद्रता करने में संकोच नहीं करते। लेकिन अपने ठहाकों और तालियों से उत्साहवर्धन करने वाले अन्य दलों के सांसद भी इसमें सहभागी रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी वोट की राजनीति को देखते हुए पिछड़ा वर्ग की हितैषी होने का ढोंग करती है।

---

कलेक्टर ने विगढ़ उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

# खरीदी केन्द्र में अव्यस्थाएं मिलने पर प्रभारी को नोटिस जारी करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने अपने भ्रमण के दौरान गुरूवार को विजयराघवगढ़ में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां व्यवस्थित ढंग से धान नहीं रखने और तिरपाल आदि की व्यवस्था नहीं होने पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए खरीदी केन्द्र प्रभारी घनश्याम ताम्रकार को कारण बताओ नाटिस जारी करने के निर्देश मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला को दिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों से धान खरीदी के बाद बारदानों में व्यवस्थित रूप से स्टेक बनाकर रखा जाये और परिवहन किया जाये।

कलेक्टर ने हिदायत दी कि नान एफ.ए.क्यू धान की खरीदी नहीं की जाये। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में बारदाने की उपलब्धता, तौलकांटों की स्थिति, किसानों के पंजीयन, स्लाट बुकिंग एवं धान की उठाव व परिवहन की भी जानकारी ली।

धान उपार्जन से संबंधित समस्याओं एवं कठिनाईयों के निराकरण हेतु सितम्बर माह से ही जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष शुरू है। इसका दूरभाष नम्बर 07622-222611 है। किसान भाई उपार्जन से संबंधित शिकायत या समस्या की जानकारी नियंत्रण को दे सकते हैं।

#### उपार्जन केन्द्र की जांच

उपार्जन केन्द्र की अनियमितता की जानकारी पर कलेक्टर द्वारा सहायक आयुक्त सहकारिता को मामले की जॉच कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए जिस पर प्रकरण की जांच के दौरान समिति प्रबंधक बरही द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त तिथियों में कृषकों द्वारा लायी गयी धान में नमी की मात्रा दिये गये मानक अनुसार अधिक पाये जाने के कारण नोडल एजेंसी द्वारा अधिकृत सर्वेयर अंकित दीक्षित द्वारा संबंधित कृषकों को धान सूखाकर लाने किसानों को समझाइश दी गई थी। कृषकों को बताया गया कि धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत या उससे कम होने के पर विधिवत तौल करा ली जाएगी।

---

कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की आयोजित हुई बैठक

# फसल उत्पादन में उन्नत तकनीक का उपयोग करने पर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया l जिसमें 42 सदस्यों ने भाग लिया l इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डी पी शर्मा ,संचालक विस्तार सेवाएं ,जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा की गई l

कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वैज्ञानिक डॉ यती राज खरे,डॉ आर के मिश्रा, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आरपी बेन, डॉ केपी द्विवेदी संदीप चंद्रवंशी उपस्थित थे। कृषि विभाग,उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पशुपालन विभाग, बीज निगम के अधिकारी ,अशासकीय संगठन एवं कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं के साथ ही जिले के प्रगतिशील कृषकों ने कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय वैशम्पायन ने खरीफ 2023 की प्रगति एवं रबी 2023-24 की कार्य योजना को प्रस्तुत किया जिसको कृषि विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवा डॉ डी पी शर्मा ने कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ डीपी शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ने सराहना की और सुझाव दिए जिले के लिए कृषि विज्ञान केंद्र और अच्छे से काम करें और कार्यकर्ता एवं कृषकों ने अपनी उपस्थिति दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष ने तकनीकी मार्गदर्शन के अंतर्गत दिए गए सुझाव निम्नानुसार है सभी कार्यक्रम प्रस्तावित योजना अनुसार किए जाएं । कृषकों के सुझाव अनुसार नई किस्में लें,नई किस्म का प्रयोग करें जो उपलब्ध हो अमरूद की प्रचलित प्रजातियां का उपयोग करवाऐ जो कि क्षेत्र अनुसार है श्रीअन्न के प्रसंस्करण के बारे में महिला कृषक समूह को प्रशिक्षण दिलवाया जाए श्रीअन्न के उत्पादन के विषय में साहित्य उपलब्ध करवाया जाए विशेष कर कोदो कुटकी उत्पादन हेतु इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषकों को पुरस्कृत किया गया ग्राम बडा के हीरामणि हल्दकर जिनको उन्नत तकनीकी से तिलहानी दलहनी एवं अनाज वाली फसल उत्पादन करने एवं प्रचार प्रसार हेतु, राजेश कुमार हल्दकर ग्राम लिंगरी को उन्नत विधि से सब्जी उत्पादन करने एवं क्षेत्र में उसके प्रचार प्रसार हेतु एवं श्री सोनेलाल पटेल ग्राम सुनाई को श्री अन्न फसल उत्पादन में उन्नत तकनीकी का उपयोग एवं उसके प्रचार प्रसार हेतु कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

---

# हत्या के आरोपितों का पता लगाने 5 हजार का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में मिली थी लाश, अब तक नहीं मिला सुराग**

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में कुछ महीने पहले बोरी में मिली लाश के मामले की गुत्थी अर्पियो के पकड़े न जाने के कारण अब तक सुलझ नहीं सकी है। इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने आरोपियों का पता बताने वालों के लिए नगद इनाम की घोषणा की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक ढीमरखेड़ा थाने में 5 अप्रैल 2023 को एक 30-35 वर्षीय पुरुष का शव मिलने पर मर्ग कायम किया गया। संपूर्ण मर्ग जांच पर अज्ञात मृतक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर देने के बाद शव को छुपाने की मंशा से बोरी में भरकर सिलोंडी-मझगवा रोड किनारे महादेव चौराहा के पास झाड़ियों में फेंकना पाया गया था। जिस पर मर्ग जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज किया गया था।

प्रकरण के अज्ञात आरोपियों का हरसंभव प्रयास करने के उपरांत भी पता ना चलने से हत्या के पंजीबद्ध अपराध में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन ने आरोपियों के विषय में सूचना देने वाले व्यक्ति को राशि प्रति-आरोपी पर 5 हजार की नगद राशि दिए जाने की उद्घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ढ़ीमरखेड़ा में तृतीय उपार्जन केन्द्र स्थापित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तहसील ढ़ीमरखेड़ा के स्थानीय कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खमतरा को तृतीय केन्द्र स्थापित किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार तहसील ढीमरखेडा के उपार्जन केन्द्र कटरिया में समिति स्तरीय केन्द्र संचालन हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खमतरा को स्थापित किया जाकर नोडल अधिकारी श्री राम प्रसाद मार्को पी.सी.ओ ढ़ीमरखेड़ा को नियुक्त किया जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए है।

### उपनिर्वाचन हेतु राजा सिंह परिहार प्रेक्षक नियुक्त

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने कटनी जिले में नगरीय निकाय और पंचायतों के उपनिर्वाचन की गतिविधियों के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राजा सिंह परिहार को निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त किया है। प्रेक्षक परिहार प्रथम चरण के उपनिर्वाचन के पर्यवेक्षण हेतु 21 दिसंबर से 26 दिसंबर एवं द्वितीय चरण में मतदान दिवस 5 जनवरी 2024 के एक दिन पूर्व से अर्थात 4 जनवरी से 9 जनवरी 2024 तक प्रेक्षक मौजूद रहकर निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की निगरानी करेंगे।

### लापरवाही करने पर दो कर्मियों को नोटिस जारी

**कटनी।** निर्वाचन कार्य की तैयारी हेतु स्थानीय निर्वाचन निर्वाचन शाखा मे चुनाव की गतिविधियों को समय-सीमा मे कराये जाने हेतु जारी आदेश की अवहेलना तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतनें पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला आयुष कार्यालय के भृत्य मुकेश कुमार बर्मन एवं जनपद पंचायत कटनी के कम्प्यूटर ऑपरेटर जे.पी.परौहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में संबंधित कर्मचारियों को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब तीन दिवस के अंदर प्रस्तुत करना होगा। जवाब संतोषजनक नही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। जिसके जवाबदार वे स्वयं होंगे।

### एसपी से लापता बेटी को खोजने की मांग

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र निवासी एक महिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और बेटी के गुम होने के बाद उसको कैद किए जाने की शिकायत दी। महिला ने सौंपे गए आवेदन में बताया है कि उसकी बेटी रोजाना सिलाई सीखने जाती थी और 15 दिसंबर को वह सिलाई सीखने गई लेकिन वापस नहीं लौटी। जिसके चलते आसपास के क्षेत्र व रिश्तेदारी में पूछताछ की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं लगी। जिसके बाद पिता ने बरही थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। महिला ने बताया कि लगभग तीन दिन बाद उसकी बेटी का फोन आया कि गंजबसौदा क्षेत्र निवासी शिवराज रघुवंशी उसको जबरन अपहरण करके ले गया है और घर में कैद करके रखा हुआ है। साथ ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला ने बताया कि इस संबंध में उसने बरही पुलिस को भी जानकारी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते उसने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बेटी की खोज कराने की मांग की है।

### संत गाडगे महाराज की मनाई पुण्यतिथि

**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति द्वारा संत गाडगे महाराज की 67वीं पुण्यतिथि मुख्य अतिथि प्रीतम रजक, विशिष्ट अतिथि सुखलाल रजक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन रजक, श्यामलाल रजक की अध्यक्षता में समिति द्वारा पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर गरीबों को भोजन, भण्डारा, कैण्डल मार्च प्रज्जवलित कर गाडगे बाबा को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गाडगे बाबा स्वच्छता, वृद्धजनों की सेवा, निर्धन, असहाय बच्चों के शिक्षा मे मदद, वृद्धाश्रम, गौशालाएं एवं समाज में फैली कुरुतियों से लड़ने की प्रतिज्ञा को अपनाते हुए समाज के लोगों ने बाबा के द्वारा चलाए गए मिशन को आगे बढ़ाने का समाज द्वारा संकल्प लिया गया।

---

### एक सप्ताह के भीतर लूट की चार वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था कटघरे में

# आउटरों में बदमाश सक्रिय : झपट्टा एवं डंडा मारकर छीन रहे मोबाइल, यात्री लहुलुहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेलवे स्टेशनों के आउटर यात्रियों के लिए सुरक्षित नही हैं। जीआरपी को लुटेरे खुलेआम चुनोती दे रहे हैं। तीन दिन पहले सुबह इंटरसिटी एक्सप्रेस में एसी कोच अटेंडर का मोबाइल झपटने में अटेंडर को ट्रेन के चपेट में आने से एक पैर गवाना पड़ा। गत दिवस लुटेरों ने चुनोती देते हुए फिर एक युवक का आधारकाप में मोबाइल छीनने झपट्टा मारा और उसमें गिरने से रीवा निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार की सुबह दानापुर एक्सप्रेस में एक युवक का मोबाइल छीनने फिर बदमाशों ने डंडा मारा और पत्थर फेंके। जिसमें वह गम्भीर रूप घायल हो गया और जिला अस्पताल लाया गया है। दूसरी ओर जीआरपी गश्त बढ़ाने की बात कह रही है।





जानकारी के अनुसार लकी तिवारी पिता महेश तिवारी 22 साल निवासी मैहर गुरुवार की सुबह दानापुर एक्सप्रेस से जबलपुर जा रहा था। जनरल बोगी में भीड़ अधिक होने से वह गेट में बैठा था। ट्रेन जैसे ही मुख्य स्टेशन से कटनी साउथ स्टेशन की ओर बढ़ी आउटर में बदमाश ने मोबाइल छीनने के लिए उसके हाथ मे डंडे से वार किया, जिससे मोबाइल गिर गया और वे उसे लेकर भाग गए। भागते समय युवक पर उन्होंने पत्थर फेंके जिसमें उसके सिर पर चोट आई है। उसके साथी उसे जिला अस्पताल लेकर आए हैं, जहां उसका इलाज जारी है।

इससे पूर्व बुधवार को भी आधारकाप क्षेत्र में जनता एक्सप्रेस में एक युवक का मोबाइल बदमाशों ने लूटा था और उसमें गिरे युवक की हालत गंभीर है। रीवा निवासी अमित पिता राम गोविंद 18 वर्ष मुंबई में काम करता है और बुधवार को जनता एक्सप्रेस से वापस घर जा रहा था। वह ट्रेन के गेट पर खड़ा था। ट्रेन जैसे ही कटनी स्टेशन से छूटी और आधारकाप आउटर पर पहुंची एक बदमाश ने मोबाइल छीनने के लिए झपट्टा मारा, जिसमे युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। इस बीच बदमाश मौके से फरार हो गया। यात्रियों ने चिल्लाकर ट्रेन रोकने का प्रयास किया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर है।

वहीं चार दिन पहले एसी कोच अटेंडर राजू सिंह इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। कटनी साउथ स्टेशन के पास उसका मोबाइल लूटने बदमाश ने झपट्टा मारा था, जिसमें युवक नीचे उतरा और ट्रेन की चपेट में आने से उसे अपना एक पैर गवाना पड़ा था। मामले को लेकर जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने का कहना है कि आउटर में गश्त बढ़ाई गई है और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

---



# शिविर लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं का दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के छह विकास खंडों की बरछेंका, बडेरा, मटवारा, बंधी स्टेशन, महगवा देगवा, कोठी, घंघरी खुर्द, बडेरा, गोदाना ,कठौतिया, बडारी और कलहरा आदि में नागरिकों के आवेदन पत्र भराए जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराए जाने का कार्यक्रम जारी रहा।

गौरतलब है कि जिला पंचायत के सीईओ तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत चिन्हित करते हुए लाभ दिलाए जाने के निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा है की इस बात की विशेष निगरानी की जाए की कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे।

संकल्प यात्राओं में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाकर शान द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाकर हित लाभ देने की कार्रवाई भी की जा रही है। आपको बता दें की 16 से 21 दिसंबर तक 51 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्राओं के आयोजन सेक्टर और नोडल/ सहायक नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हो चुके हैं।

---

*वीसी से कलेक्टर ने की धान उपार्जन कार्य की समीक्षा*

# परिवहन कार्य में तेजी लाने दिये निर्देश डी.एम. नान को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के हित को सदैव सर्वोपरि रखा जाये। किसानों को होने वाली असुविधा पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जायेगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने यह निर्देश गत शाम वीडियो कान्फ्रेंसिंग से धान उपार्जन कार्य की वर्चुअली समीक्षा के दौरान दिये।

### जिला प्रबंधक को नोटिस जारी

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की समय पर आपूर्ति न होने और परिवहन कार्य में सुस्ती पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुए मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक के कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही परिवहन में विलंब तथा स्वीकृति पत्रक जारी न होने पर समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं। अभी की स्थिति में कुल धान खरीदी 73 हजार 968 मेट्रिक टन धान के विरूद्ध मात्र 33 हजार 853 मेट्रिक टन अर्थात 46 प्रतिशत धान ही परिवहन होने पर कलेक्टर ने गहन असंतोष जताया। वहीं स्वीकृति पत्रक की मात्रा केवल 9123 मेट्रिक टन है, जो कुल खरीदी की मात्र 12 फीसदी है। जिससे कृषकों के भुगतान में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

### कम प्रगति पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान क्षतिग्रस्त मिले बारदानों को बदलकर नये बारदाने उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने और सभी उपार्जन केन्द्रों में थ्रेसर, ग्रेडर, छन्ना, तिरपाल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने समितियों से त्रि-पक्षीय अनुबंध की स्थिति और स्वीकृति पत्रक के मामले में अल्प प्रगति पर गहन नाराजगी जताया। उन्होंने इन सभी बिन्दुओं पर ध्यान देकर वांछित प्रगति लाने की हिदायत दी।

### इन्हें भी जारी होगा नोटिस

कलेक्टर ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़े उपार्जन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लचर, रवैया रखने और कोताही बरतने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। कठोर कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, म.प्र वेयर हाउस कारपोरेशन के.जी.एम. योगेन्द्र सिंह सेगर और जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि खराब मौसम और बारिश की संभावना के मद्देनजर उपार्जन केन्द्रों में सुरक्षा हेतु तिरपाल आदि के पुख्ता प्रबंध करें। ताकि उपार्जित धान खराब नहीं होने पाये। उन्होंने परिवहन की मंथर गति पर नाराजगी जाहिर किया और तत्काल इस कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। समीक्षा के दौरान जिला उपार्जन समिति के सभी अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

---

### एफएलएन कार्यक्रम में प्रगति लाने दिया प्रशिक्षण



निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हेतु मध्य प्रदेश में चलाए जा रहे मिशन अंकुर कार्यक्रम में प्रगति लाने एवं बच्चों के ज्ञानवर्धन हेतु एफ एल एन कक्षा 1 ,2 एवं 3 की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु बड़वारा जनपद शिक्षा केंद्र में जिला निपुण अधिकारी शैलजा तिवारी एवं प्रतिभा गर्ग ए पी सी के मार्गदर्शन एवं मनोज गुप्ता बी आर सी के संयोजन में समस्त सी ए सी एवं डी आर जी का एक दिवसीयप्रशिक्षण रखा गया ।प्रशिक्षण में जिला निपुण अधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कक्षा एक दो एवम तीन के विद्यार्थियों में विषय बार निपुणता की पहचान कैसे करें रिकॉर्ड का संधारण कैसे करें इन सब की विस्तृत जानकारी दी गई ।उक्त कार्यक्रम में बड़वारा जनपद शिक्षा केंद्र के सभी सी ए सी एवं डी आर विषय वार उपस्थित रहे।

---

# चावल के अवैध परिवहन पर वसूला गया 1 लाख 26 हजार रूपये का दांडिक शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त नाकों में अवैध अनाज परिवहन के मामलों की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल की तैनाती की गई है। इसी वजह से मंगलवार को वन नाका कलैवारा कला मार्ग पर उत्तर प्रदेश से मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के लिए अवैध परिवहन हो रही 670.50 क्विंटल अवैध चावल दो वाहन सहित जब्त करनें में बडी सफलता मिल सकी। कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में दोनों वाहन द्वारा कृषि उपज चावल का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 1 लाख 26 हजार 819 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।



कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका ने कार्यवाही के दौरान वन नाका कैलवारा कला मार्ग पर वाहनों के निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक यू.पी. 70 के.टी 1753 एवं यू.पी 52 टी 7272 की जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के लिए 670.50 क्विंटल चावल का अवैध परिवहन पाया गया। जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार मांझी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, हरिओम कौरव, सुधीर कुमार त्रिपाठी की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

---

*जिला अस्पताल में कार्यशाला का हुआ आयोजन*

# डिप्टी डायरेक्टर ने 54 महिलाओं की मृत्यु के कारणों पर की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में मातृ मृत्यु दर को नियोजित करने की दृष्टि से कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में शासन द्वारा मातृत्व सुरक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया जाकर जिले में वर्ष 23-24 में हुई मातृ मृत्यु के प्रकरणो की समीक्षा की गई। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जनवरी माह से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निजी एवं शासकीय महिला चिकित्सकों का कैलेन्डर सी एम एच ओ एवं सिविल सर्जन द्वारा बनाकर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले में कोई भी मातृ मृत्यु होने पर पंद्रह दिवसों में बी एम ओ द्वारा समीक्षा कर प्रेज़ेन्टैशन प्रेषित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में डिप्टी डायरेक्टर (मातृ स्वास्थ्य) डॉक्टर अर्चना मिश्रा द्वारा सभी 54 मातृ मृत्यु



पर गहन अध्ययन कर कारणों एवं भविष्य में पुनरावृत्ति न होने के लिए निर्देश दिए । जिसमे सी एम एच ओ डॉक्टर अठया को निर्देशित किया गया कि कौशल एवं दक्षता का प्रशिक्षण समस्त बी एम ओ को दिया जाएं । मातृ मृत्यु के तीन केस की विस्तृत समीक्षा कर बताया गया कि विशेषज्ञों के पास समय पर उपचार हेतु गर्भवती महिलाये के पहुँचने पर उन्हे मृत्यु से बचाया जा सकता था। इसके साथ ही आशा द्वारा किए गए प्रसव पश्चात गृह भेंट प्रोटोकॉल अनुसार किए जाए । खतरे वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व संस्था में भर्ती कराया जाए। सीएचओ के पास पर्याप्त मात्रा में आयरन सुक्रोज उपलब्ध कराया जाएं एवं सी एच ओ द्वारा महिलाओं को आयरन सुक्रोज की आवश्यकतानुसार सुविधाएं प्रदान की जाए। जिले की नर्सिंग मेन्टर को प्रसव केंद्रों में विज़िट करने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिशनर दिल्ली डॉक्टर अनुपमा प्रसाद द्वारा भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी एवं शासकीय महिला चिकित्सकों द्वारा प्रति माह की 9 एवं 25 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खतरे वाली महिलाओं की जांच करने हेतु निर्देश दिए गए। खतरे वाली महिलाओं की लाइन लिस्टिंग ए एन एम , सी एच ओ द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराकर जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल में प्रसव पूर्व ही प्रेषित कर उपचार कराया जाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में डिप्टी कमिशनर दिल्ली डॉक्टर अनुपमा प्रसाद, मातृ हेल्थ कन्सल्टन्ट दिल्ली डॉक्टर तुषार, डिप्टी डायरेक्टर (मातृ स्वास्थ्य) भोपाल डॉक्टर अर्चना मिश्रा, रीचपमहव संस्था की प्रतिनिधि , सम्भागीय कॉर्डिनेटर निहाल दीवान , सी एम एच ओ डॉक्टर अठया, सिविल सर्जन डॉक्टर यशवंत वर्मा, डी एच ओ-2 डॉक्टर डी जे मोहान्ती, डी एच ओ-1 डॉक्टर शोभा चौधरी , डी पी एम , डी सी एम , थ्व्लैप की अध्यक्ष वंदना गुप्ता , अस्पताल प्रबंधन से डॉक्टर सुनीता वर्मा, डॉक्टर हर्षिता गुप्ता एवं सदस्य, अस्पताल प्रबंधन के चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स समस्त बी एम ओ उपस्थित रहे।

---

### शिक्षकों की मनमानी तो कहीं अव्यवस्थाओं में जकड़ सरकारी स्कूल

# जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम की मंशा पर लगा रहे पलीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

सरकारी विद्यालयों में जहां नियमित शिक्षकों के न होने से अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी ओर अतिथि शिक्षकों का आने जाने का समय निश्चित न होने के कारण अध्यापन कार्य भी चरमराया हुआ है।

शासकीय उच्च माध्य विद्यालय ढीमरखेड़ा में आलम ये है की अतिथि शिक्षकों दोपहर 2 बजे से ही बस स्टैंड में बस का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। विद्यालय में एक मात्र उच्च माध्य शिक्षक है इसके अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य एक माध्यमिक शिक्षक है अब इस बात से ही यहां व्यवस्था का अनुमान लगाया जा सकता है की उच्च माध्य शिक्षक को छोड़कर माध्यमिक शिक्षक को प्रभार दिया गया है मुख्यालय मैं संचालित विद्यालय में यह स्थिती हैं जबकि ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी एवम लगभग सभी प्रशासनिक कार्यालय विद्यालय के निकट ही हैं।



देखने में आ रहा है कि प्राचार्य का अतिथि शिक्षकों पर कोई भी अंकुश नहीं है जिसके चलते अतिथि शिक्षक लेट आते हैं और जल्दी चले जाते हैं ऐसी स्थिति में बच्चों का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है।

व्यवस्थाओं को देखा जाए तो विद्यालय में ना बाउंड्री बाल है और ना ही बच्चों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था है ना ही बैठने के लिए बैंकों की व्यवस्था है। कुल मिलाकर विद्यालय अव्यवस्थाओं में जकड़ा है। विद्यालय में भवन की बात की जाए तो हाई स्कूल विद्यालय हेतु निर्मित भवन में हायर सेकेंडरी तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं कमरे नहीं है इससे अधिक कक्षा संचालित हो रही हैं देखने योग्य बात यह है कि लगभग 200 छात्राओं की बैठने के स्थान में 400 बच्चे बैठ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि विद्यालय की छात्रों की दर्ज संख्या उपलब्ध नहीं है या फिर जिम्मेदार इस को देखना नहीं चाहते। उच्चतर माध्यमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य बनकर इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाता है या फिर बच्चों के भविष्य के साथ ऐसा ही खिलवाड़ होता रहेगा।

ग्रामीणों ने विद्यालय की शिकायत की गई तो इसकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मोबाइल के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई तो उन्होंने बताया कि मैं अभी क्षेत्र विद्यालयों के निरीक्षण में हूं और कार्यालय में उपलब्ध जिम्मेदार कर्मचारी की टीम बनाकर तत्काल विद्यालय में निरीक्षण हेतु भेजा गया।

उक्त जांच में 6 शिक्षक एवं संकुल प्रभारी प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण कर पंजीयन तैयार कर कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को प्रेषित किया गया।

कलेक्टर द्वारा अच्छे परीक्षा परिणाम हेतु 45 दिवसीय कार्य योजना तैयार कर अनुपालन हेतु विद्यालयों को भेजी गई है। कलेक्टर द्वारा स्वयं प्रतिदिन विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण किया जा रहा है उक्त कार्य योजना को लेकर किया जा रहा है इसके बाद भी ढीमरखेड़ा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कि शिक्षकों को किसी बात की चिंता नहीं है जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा 5 फरवरी एवं 6 फरवरी को दसवीं एवं 12वीं ए परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई है लेकिन शिक्षकों के द्वारा 2:00 बजे विद्यालय से अनुपस्थित पाई जा रही है ऐसे में परीक्षा परिणाम कैसे अच्छे होंगे।

---

# नोटिस के बाद भी धान परिवहन में नहीं आई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



धान उपार्जन केन्द्रों में अब भी उपज परिवहन ने रफ्तार नहीं पकड़ी है। ढीमरखेड़ा के सभी 14 उपार्जन केन्द्रों में धान की उपज का अंबार लगा हुआ है। ढीमरखेड़ा उपार्जन केंद्र में परिवहन न होने से बीते दो दिनों में खरीदी नहीं हुई है। यहाँ उपज रखने के लिए जगह भी नहीं है। पोंडी कला और मुरवारी उपार्जन केंद्र की बात करें तो यहाँ भी केंद्र में धान की उपज का अम्बार है।इन केन्द्रों में उपज की खरीदी तो चल रही है। लेकिन परिवहन न होने से खरीदी की रफ्तार धीमी हो गई है। इसके अलावा ढीमरखेड़ा तहसील के उमरियापान,खाम्हा,टोला, देवरी मंगेला, मडेरा,सिलौंडी, कचनारी के केंद्रो में यहीं स्थिति बनी है। यहाँ भी केंद्रो में उपज रखी है। केंद्र प्रभारियों को परिवहन का इंतजार है। किसानों को अपनी उपज की तौलाई के लिए इंतजार करना पड़ता है। परिवहन न होने से खरीदी प्रभावित हो रही है। हालांकि धान परिवहन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने नॉन डीएम अमित गौंड सहित जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता आर वाय कुरील,वेयर हाउस कॉर्पोरेशन जीएम योगेंद्र सिंह सेंगर को नोटिस जारी कर परिवहन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।कुछ उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की भी समस्या है।

## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का 113 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**सिमरिया।** पन्ना जिले की सिमरिया तहसील में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की ब्रांच मैनेजर पूर्व जनरल मैनेजर श्री द्विवेदी जी ने बताया कि सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की लगभग 4000 ब्रांच है सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा ब्रांच संचालित की जा रही है जिससे ग्रामीण लोगों को फायदा मिल सके उन्होंने बताया कि यह किसानों का बैंक है यह लोगों का बैंक है साथ में उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के स्थापक सोराब जी पोचखनावाला के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। पूर्व जीएम ने बताया पोचखनावाला ईमानदार आदमी थे आज भी उनके योगदान को कोई नहीं भूल सकता है साथ में उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की बहुत सारी उपलब्धियां भी गिनवाई सेंट्रल बैंक के ब्रांच मैनेजर एवं समस्त स्टाफ स्थापना दिवस के मौके पर मौजूद रहा।

### सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार, 26 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** जिले में शुक्रवार, 22 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पहाड़ीखेरा, बरहौंकुदकपुर और लुहरहाई में यात्रा का भ्रमण होगा।

### राजनैतिक दलों के अध्यक्ष की बैठक आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत मतदान केन्द्र भवन परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव भेजने के संबंध में राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार, 22 दिसम्बर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी।

पटना मानगढ़ में मनमाने निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया

# ठेकेदार पर मेहरबान पंचायतकर्मी, स्टॉप डैम निर्माण कार्य में घटिया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पटना मानगढ़ में मनमाने निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव रोजगार सहायक पर भ्रष्टाचार करने के आरोप भी लगाए हैं। ग्रामवासियों ने कहा कि सरपंच-सचिव द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर पंचायत के विकास कार्यों का निर्माण गुणवत्ताहीन तरीके से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में मौजूद सरपंच और सचिव और रोजगार सहायक ठेकेदारों पर मेहरबान हैं, जबकि ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान न देकर मनमाने तरीके से गुणवत्ताहीन कार्य किए जा रहे है। वहीं जनपद पंचायत के अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे है। सरकार द्वारा जहां एक ओर आम आदमी की चिंता कर उन्हें गांव में 100 दिन का रोजगार मुहैया कराने के लिए मनरेगा योजना पूरे देश में लागू कर दी है। लेकिन योजना लागू होते इस योजना की राशि को जिस तरह से



बर्बाद किया जा रहा है, वह भी अपने आप में गवाह बना हुआ है। यहां फिजिकल कार्य कंप्लीट करने के बाद ऑनलाइन रिकार्ड कंप्लीट करने के लिए फर्जी मस्टरोल डालकर मजदूरों को बिना कार्य दिए कागजी खानापूर्ति करके मजदूरों की राशि फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

पटना मानगढ़ ग्राम पंचायत में खेल मैदान का फिजिकल कार्य बाउंड्रीवाल से लेकर गेट निर्माण तक सितंबर माह में ठेकेदार द्वारा कंप्लीट कर दिया गया था। बावजूद इसके 20 अक्टूबर से 29 नवंबर तक मस्त रोल डालकर कागजों पर मजदूरी दर्शाकर करीब एक लाख का भुगतान मजदूरी पर हुआ है। हैरानी की बात तो यह है खेल मैदान की घटिया निर्माण की शिकायत उप सरपंच के द्वारा जनपद कार्यालय में की गई थी। जिसकी जांच मनरेगा एसडीओ की टीम के द्वारा करने के बाद भी खेल मैदान निर्माण में हुई। गड़वड़ियो पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्टॉप डैम शुरू होने के पहले 70 से 75 हजार रुपए मजदूरी की राशि का भुगतान बिना मजदूरी कार्य दिए कर लिया गया था। ग्राम पंचायत पटना मानगढ़ के अंतर्गत छपरवाहा नाला कंछेदी के खेत के पास करीब 14 लाख 90000 की लागत से बनने वाले स्टाफ डैम निर्माण पर का निर्माण कार्य शुरू दिसंबर माह में हुआ था लेकिन इसके पहले अक्टूबर माह से लेकर 11 दिसंबर मजदूरी पर 70 से 80 हजार रुपए निकल लिए गए जबकि स्टाफ डैम निर्माण कार्य नाले की धारा चलते में किया गया। बॉडी वॉल में बोल्डर पत्थर भर के ऊपर से सीमेंट पर चढ़ा दी गई और स्टाप डेम का बेसमेंट ही कमजोर होगा तो स्टाप डेम कितने दिन चलेगा इस पर निर्माण काल से ही संकट खड़ा हो गया है। खेल मैदान के अंदर बना दिया। सेगरेशन सेट कचरा पृथकी करण केंद्र, पटना मानगढ़ खेल मैदान के अंदर सेग्रीगेन सेट निर्माण करवा दिया गया, गेट लगा दिए गए। येंसे सवाल उठता है बंद गेट के अंदर कचरा पृथक करने कौन पहुंचेगा। और खेल मैदान निर्माण के साथ साथ सेग्रेशन सेट निर्माण की राशि भी खुर्दपुर्द ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा कर दी गई। ग्राम पंचायत सचिव निरपत सिंह का कहना है सरपंच के द्वारा कार्य किसको दिया गया किसने करवाया इसको हमे कोई जानकारी नहीं है रोजगार सहायक और सरपंच जाने।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम ने अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया

**अस्पताल प्रबन्धन एवं व्यवस्था को निरीक्षण टीम ने सराहा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम जबलपुर के द्वारा आकस्मिक दौरा कर निरीक्षण किया गया। उपरोक्त राष्ट्रीय टीम में डॉ.नीरज निगम एवं डॉ.शिखा गर्ग शामिल थे। उपरोक्त टीम के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी विभाग, लैब, ड्रेसिंग रूम , भर्ती कक्ष, एक्स रे मशीन, नेत्र विभाग, मलेरिया कक्ष, डिलेवरी कक्ष के अलावा अस्पताल की पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, स्टाफ की उपलब्धता सहित सभी केन्द्र की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता के साथ जायजा लिया गया। एवं मौके पर ही आवश्यक सुझाव केंद्र प्रबन्धन एवं स्टाफ को दिये गये। साथ ही अस्पताल प्रबंधन , व्यवस्था एवं केन्द्र स्टाफ के कार्यों की सराहना भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम के द्वारा की गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवागंत बीएमओ डॉ.अमित मिश्रा के अलावा केंद्र में पदस्थ डॉ.अनुराग दत्ता, डॉ.अंगीरत साहू,डॉ.राहुल जैन, डॉ. पूर्वशी राय, डॉ.ज्योति दुबे एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य डॉ केपी अहिरवार के निर्देशन में आपदा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न हुई। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम उपस्थित रही, जिन्होंने आपदा के समय फर्स्ट रिस्पोंडेण्ट के तौर पर उपस्थित स्वयं सेवकों या आपदा राहत कर्मियों के लिए उपयोगी दिशा-निर्देशों को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला में सीपीआर, अग्निशमन, बाढ़, भूकंप, तूफान, सुनामी, चक्रवात, भूस्खलन, जैविक-रसायनिक विकिरण और अन्य मानव निर्मित



संकटों में कैसे बचाव एवं राहत कार्य किया जाना चाहिए इस संदर्भ में एस.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा प्रैक्टिकल करके बताया गया। डॉ. जितेन्द्र धाकड़ द्वारा कार्यशाला का संयोजन करते हुए प्रतिभागियों को आपदा के समय सतर्कता पूर्वक सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में सम्मिलित विद्यार्थियों ने बहुत सी गतिविधियों के प्रैक्टिकल करके देखा एवं समाज में आवश्यकता पड़ने पर सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यशाला में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दमोह के जिला सलाहकार गौरव तिवारी, एनसीसी अधिकारी डॉ. कुंवर सिंह बामनिया, एनएसएस अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. इरफान खान, डॉ. विनोद कुमार साहू, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. नेहा जैन महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, सुरक्षा सेवाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ अन्य विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी सहभागिता की।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन

# हवन कुण्ड में अपनी एक बुराई की भी आहुति दें : पं.ऋषिकांत गर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार ग्राम में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण का हवन भंडारे के साथ आज समापन हो गया है हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति दी तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। हवन यज्ञ में अपनी अपनी एक बुराई की भी आहुति देनी चाहिए उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथावाचक ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्व सार होता है जो मन बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन विधि विधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान ने अपने अपने परिवार के साथ आहुति डाली।

श्री बांके बिहारी मंदिर जी से क्षेत्र के ग्रामों में कलश पहुंचाए गए

# धूमधाम से गाजे बाजे के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की शोभा यात्रा श्री बांके बिहारी मंदिरजी से प्रारंभ हुई श्री बांके बिहारी मंदिर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों पूजन किया गया उसके पश्चात श्री राम सीता लक्ष्मण रथ पर उनकी छवि विराजमान की गई सभी संप्रदाय के लोगों की उपस्थिति रही सभी के हाथों में श्रीराम ध्वज पताका लहरा रही थी और जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण राममय नजर आ रहा था

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों सिर पर धारण किए हुए श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की शोभा यात्रा कुम्हारी नगर की गलियों में स्वागत वंदन अभिनंदन सभी के द्वारा किया जा रहा था श्री राम सीता लक्ष्मण रथ का पूजन द्वार-द्वार पर किया जा रहा था अक्षत कलश शोभा यात्रा श्री बांके बिहारी मंदिर से होते हुए विक्रम संवत चौराहा की परिक्रमा करते हुए थाना परिसर में स्थित हंस वाहिनी माता मंदिर पहुंची जहां पर पूजन किया गया अक्षत कलश शोभा यात्रा दौरान क्षेत्र से आई हुई यादव संप्रदाय का पारंपरिक नृत्य एक अपनी अलग पहचान है अक्षत कलश यात्रा दौरान आकर्षण का केंद्र रही दिवारी नृत्य की टोलियां भी राममय होकर भक्ति में झूमती नजर आ रही थी श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश शोभा यात्रा दौरान सभी संप्रदाय के लोगों की उपस्थिति रही एवं कुम्हारी थाना पुलिस बल उपस्थित रहा ।

**श्री बांके बिहारी मंदिर जी से क्षेत्र के ग्रामों में कलश पहुंचाए गए**

श्री बांके बिहारी मंदिर जी से क्षेत्र के ग्रामों में कलश पहुंचाए गए कुलुवा, मझौली, चीलघाट, मुहासा देवरीरतन कालाकोट, धनगुवां, पटना रसोईया, गाता, बमनी, छोटी देवरी, सलैया, जमुनिया, हिनोंती, पिपरिया, बेलखेड़ी, करौंदी एवं क्षेत्र के अन्य ग्रामों में भी अक्षत कलश भेजे गए।

# जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**हटा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूर्व विधायक जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कमलनाथ राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की सहमति से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार उपनेता हेमंत कटारे को बनाए जाने पर हटा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकुंदी लाल विश्वकर्मा, रामनाथ राय, मनोज भाई सराफ, राजाराम साहू, महेंद्र राय, बद्री विश्वकर्मा द्वारा मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। जिला उपाध्यक्ष मुकुंदी लाल विश्वकर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी ने पूर्व में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहते युवाओं की हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे और अब हाई कमान ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उन्हें यह विश्वास है वह संगठन और अधिक सक्रीय बनाएंगे।

# अक्षत कलश की शिव मंदिर में हुई अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश का लगातार मंदिरों में पहुंचने का क्रम चल रहा है। इसी क्रम में पड़री तिराहा स्थित शिव मंदिर से श्रद्धालु महिला पुरुषों, युवकों को टीम ने गाजे बाजे से स्वयं आगवानी की। कलश यात्रा बस स्टैंड से हटा तिराहा होते हुए शिव मंदिर पहुंची जहां अक्षत कलश स्थापित किया गया। आगवानी करने वालों में प्रमुख रूप में नप उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, हरप्रसाद चौरसिया, प्रकाश गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, संजय पालीवाल, डॉ अशोक पटेल, भूपत सोनी, मुन्ना ताम्रकार, मुन्ना अवधिया, मुकेश नेमा, निरनसिंह, मुलायम सिंह, कांशीराम साहू, मनीष सोनी, प्रमोद चौधरी, अतुल चौधरी, नीतिराज सिंह, मुकेश नेमा, देवेन्द्र तंतुवाय सहित नवयुवक टीम व महिलायें बडी संख्या में शामिल रही। प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं ने ढोलक पर भजनो की प्रस्तुति शुरू कर दी। आभार वैश्य महासम्मेलन तहसील ईकाई अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने माना।

## जैन मंदिर में किया पूजन अर्चन

बड़े जैन मंदिर पहुंचे अक्षत कलश के समक्ष जैन धर्मावलंबियों ने पूजन अर्चन कर कलश को मंगलमय बनाते हुये श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को निविर्घ्न संपन्न होने की कामना की। दोपहर में जैन मंदिर से कलश को दूसरे मंदिरों के लिये रवाना किया गया। इस दौरान अशोक बड़कुल, नरेन्द्र बजाज, राजेंद्र राही, राजेंद्र बजाज, पंकज जैन, प्रशांत सेठ, जितेंद्र बड़कुल, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।




# बगैर बताए गुस्से में घर से गया लड़का वापस घर नहीं लौटा

**परिजनों ने कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज**

**हटा।** नगर के संजय वार्ड निवासी एक बीस बर्षीय लड़के का अपने घर से गुस्सा में आकर बगैर बताए घर से चले जानें का मामला सामने आया है



जहां परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की जा रही है लेकिन उसका कुछ पता ठिकाना न मिलनें पर गुरूवार के दिन उसके भाई द्वारा पुलिस थाना हटा में अपने छोटे भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत संजय वार्ड निवासी राज सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी उम्र 20 बर्ष मंगलवार के दिन से घर में भाईयो से छोटी-छोटी बातो पर नाराज होकर घर से बगैर बताएं घर छोड़कर चला गया जिसकी जानकारी लगते ही परिजनो द्वारा उसे लगातार ढूंढ़ने का प्रयास किया गया लेकिन उसकी कहीं जानकारी न मिलने पर उसके बड़े भाई यश सोनी द्वारा पुलिस थाना हटा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने भाई की पतासाजी करनें मांग की गई।

## विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 22 दिसम्बर को दमोह के टौरी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत टौरी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत अर्थखेड़ा में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के मगरोन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हारट में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत वेलापुरवा में दोपहर 2 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के असलाना सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरद्वानी में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत पुरापायरा में दोपहर 02 बजे से, हटा विकासखण्ड के मड़ियादो सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़ियादो में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत शिवपुर में दोपहर 2:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के रैवझाकला सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत रैवझाकला में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत बनगांव में 1:30 बजे से, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के सहजपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरियाकलॉ में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत अजीतपुर में अपरान्ह 3 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के रोंड सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत रौंड एवं इमलिया में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत सगरा में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

# पूर्व विधायक अजय टंडन ने साथियों के साथ शुरू की बागेश्वर धाम यात्रा तक पदयात्रा

## बालाजी सरकार के लगाये जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा प्रस्तावित तिथि के दिवस टंडन बगीचा में एकत्रित होकर गाजे बाजे और जयकारे लगाते हुए पदयात्रा का प्रारंभ हुआ समस्त श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर वहाँ के पुजारी गोविन्द जी ने विधि विधान से पूजन अर्चन करवाने के पश्चात ध्वज वंदन के बाद विधिवत रूप से पदयात्रा का प्रथम स्वागत पथरिया फाटक पर पप्पू कसोटया और उनके वार्डवासियों द्वारा किया गया। यात्रा संयोजक पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि उनकी यात्रा का प्रमुख उदेश्य यह है कि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अयोध्या के भव्य मंदिर के गर्भग्रह में विराजमान हो रहे है। यह कार्य निर्विघ्न तरीके से हो जाये और दमोह जिले के साथ पूरे देश में अमन चैन बना रहें। पदयात्रा बालाजी सरकार के जयकारे लगाते हुए हटा नाका से होकर लक्ष्मण कुटी पहुंची जहां सतीश जैन, पारूल टंडल, विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, राजा रौतेला, सोनू टंडन, प्रवीण भाई पटेल, अजय सरवरिया, राकेश असाटी, विष्णु गुप्ता, राजू असाटी, महेन्द्र पटेल, गुड्डु पटेल ने भी हनुमान जी महाराज के दर्शन करने के बाद यात्रा को रवाना किया। पदयात्रा जैसे ही मुढ़यिा पहुंची वहां मदन पटैल, श्रीराम पटेल, संजय पटेल एवं क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व विधायक अजय टंडन का स्वागत श्रीफल शाल द्वारा किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत वनगांव में भी समस्त पदयात्रियों का स्वागत पुष्पहारों द्वारा किया गया उसके बाद यात्रा हटा पहुंची जहां नाका पर ही प्रदीप खटीक, घनश्याम यादव, रामनाथ राय, शहजाद खान, हरिशंकर साहू ने पदयात्रियों का स्वागत किया और हटा में रात्रि विश्राम के बाद सुबह मड़यिादो के लिये रवाना होगी।



## खबर संक्षेप

### भगवान मल्लिनाथ जी का जन्म कल्याणक महोत्सव आज

कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 19 वे तीर्थंकर भगवान श्री मल्लिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 22 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा। इस अवसर पर श्री जी का पालना झुलाया जाएगा। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की महा आरती होगी।

### मीट व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

दमोह। गुरूवार को मछली व मीट व्यापारी संघ जिला दमोह ने एकत्रित होकर महिलाओं बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के द्वारा तहसीलदार दमोह मोहित जैन और सीएमओ नगर पालिका श्रीमती सुषमा धाकड़ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होने अपनी मांगो को लेकर नारेबाजी भी की। साथ ही कहा कि शासन के इस निर्णय से उनके व्यापार पूरी तरह ध्वस्त हो जायेंगे व जीवन यापन में कठिनाई आयेगी। इस अवसर पर टीआई कोतवाली विजय सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका संतोष सिंह और पुलिस बल की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया। इधर तहसीलदार ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि शासन तक उनकी पहुंचाई जायेगी।

### सोनू मिश्रा को मातृ शोक

पटेरा। नगर के ताम्रकार समाज के पुरोहित सोनू मिश्रा की माता जी का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। सभी वर्गों के नागरिकों ने अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हो कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### उमेशचन्द्र बजाज की माता का निधन

हटा। नगर की प्रतिष्ठित समाजसेवी रामगोपाल जी वार्ड निवासी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमेश चंद बजाज की मां श्रीमती रतन बहू बजाज 91 का लम्बी बीमारी के बाद बुधवार निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गौरीशंकर वार्ड स्थित मुक्तिधाम में किया गया जहां समाज के सभी वर्गों के लोगो ने भाग लिया।

ईट राइट मिलेट योगा सेशन शासकीय एमएलबी कन्या विद्यालय में आयोजित

# बेहतर जीवन जीने के लिए मोटे अनाज को दैनिक आहार में अपनायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार की ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता फेस 3 के तहत दमोह में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में ईट राइट मिलेट श्री अन्न मेला एवं योग सेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ईट राइट मिलेट श्री अन्न मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सही भोजन, बेहतर जीवन का संदेश एवं मोटे अनाज श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर मोटे अनाज आधारित व्यंजन प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने मेला में उपस्थित सभी छात्राओं को बेहतर जीवन जीने के लिए मोटे अनाज पर आधारित स्वच्छ, शुद्ध एवं सुरक्षित भोजन को दैनिक आहार में अपनाने की अपील की ताकि लोग खाद्य जनित रोगों से बच सकें एवं अच्छे स्वस्थ के माध्यम से स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बैक ने ईट राइट मिलेट श्री अन्न मेले एवं योगा सेशन के मुख्य उद्देश्य के बारे में उपस्थित छात्राओं को जानकारी दी।





स्वास्थ्य विभाग के जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डा चंद्रशेखर पाण्डेय ने श्री अन्न का भरपूर पोषक तत्वों एवं औषधि गुणों की चर्चा कर मोटे अनाज से बने व्यंजनों के उपयोग करने के लाभ बताकर स्थानीय बुंदेली व्यंजनों के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ ईट राइट योगा सेशन से किया गया, जिसमें विद्यालय के योग प्रदर्शन प्रभारी बी.के. असाटी द्वारा बेहतर स्वस्थ के लिए योग के महत्त्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। योग प्रदर्शन में छात्राओं द्वारा विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मोटे अनाज के महत्त्व पर आधारित गीतों का गायन किया, जिसकी सभी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा मेला में लगे मोटे अनाज से बने व्यंजनों के स्टॉलों एवं रंगोली का अवलोकन कर मोटे अनाज से बने स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की प्रशंसा की गई। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा मोटे अनाज जैसे बाजरा,कोदो,कुटकी, ज्वार, रागी से बने व्यंजनों जिसमें बाजरे की खीर, बाजरे का हलवा, कोदो की खीर, ज्वार के बिस्किट, लड्डू, बाजरे की टिकिया, बाजरे की पूड़ी, ज्वार का पोहा एवं रोटी, बाजरे की महेरी, बाजरे के बिस्किट, मोटे अनाज के अप्पे, मक्के की टिकिया एवं खुरमा आदि सहित 16 विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया, प्राचार्य अर्चना जैन, राजेश विश्वकर्मा, मनोहर राठौर, संजीव जैन शाकाहारी, अभय तिवारी, आर.बी. सिंह, अभिलाषा प्रसाद, प्रियंका श्रीवास्तव, रेणु गुप्ता, दिलीप अहिरवाल सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। अंत मे आभार प्रदर्शन आर बी सिंह द्वारा किया गया।

## गले में फसा कांटा निकलते ही मरीज के चेहरे पर अमोल मुस्कुराहट आई

दमोह। 34 वर्षीय मरीज कमलेश गले मे भयंकर तकलीफ के साथ जिला अस्पताल पहुँचा। उनकी मुख्य समस्या कि मछली खाते वक्त कांटा भी निगल लिया था। जिला अस्पताल के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ एवं आरएमओ डॉ विशाल शुक्ला ने इंडोस्कोपिक पद्धति से मरीज को सरफेस अनेस्थेसिया में बिना बेहोश किये ओ पी डी में ही कांटा निकाल दिया। गले की हड्डी फिशबोन निकलते ही मरीज के चेहरे पर अमोल मुस्कुराहट आ गई। मरीज कहते हैं इतनी बड़ी तकलीफ को सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये उपकरणों के माध्यम से डॉ साहब ने आसानी से ठीक कर दिया। सरकार और डॉ साहब को बहुत धन्यवाद।

## प्रधान आरक्षक शैलेंद्र राजपूत का दुखद निधन

पटेरा। हटा पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक शैलेंद्र राजपूत का लंबी बीमारी के चलते गुरुवार की शाम जबलपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। दरअसल शैलेंद्र राजपूत अपनी पदस्थापना से लेकर लंबे समय तक उन्होंने हटा पुलिस थाने सहित अनुविभाग के अन्य थानों में अपनी सेवा प्रदान की है, वे जांबाज पुलिसकर्मी के रूप में जाने जाते थे। इसी के साथ वह स्टाफ सहित नगर व क्षेत्र में लोगों से मिलनसार प्रधान आरक्षक थे, गुरुवार की शाम 8 बजे जैसे ही शैलेंद्र के दुखद निधन की खबर सोशल मीडिया पर लोगों को मिली तो हटा पुलिस थाने सहित नगर में शोक की लहर देखी गई। जबलपुर से उनका पार्थिव शरीर आज हटा लाया जाएगा। संभवतः उनका अंतिम संस्कार उनके गृह निवास पटेरा नगर में शुक्रवार की दोपहर किया जावेगा।



## सांसदो के निलबंन के खिलाफ जिला कांग्रेस सौंपेगी ज्ञापन

दमोह। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा 143 सांसदों के निलंबन को लेकर की जा रही तानाशाही पूर्व रवैये को लेकर एवं वर्तमान में म.प्र. विधानसभा से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को पृथक किये जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने जिले के समस्त प्रदेश पदाधिकारियों, जिला ब्लाक पदाधिकारियों, स्थानीय जन प्रतिनिधि, पूर्व विधायक मोर्चा संगठन प्रकोष्ठो/विभागो के पदाधिकारी गण एवं मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी गण से अनुरोध किया है कि दिनांक 22 दिसंबर 2023 को दोपहर 2 बजें महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाना है जिसमें समस्त कांग्रेसजन अनिवार्य रूप से जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौपेगे।

## बांसा कला विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति मिली कम

दमोह। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने पथरिया विकासखंड के हाई स्कूल खोजा खेड़ी उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया एवं हायर सेकेन्ड्री विद्यालय बांसा तारखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में हायर सेकेंडरी स्कूल बांसा कला में अनेक अव्यवस्थाएं देखने मिली। हायर सेकण्डरी विद्यालय बांसा कला के विद्यार्थी पूर्ण समय तक विद्यालय में न रुकते हुए दोपहर के बाद अपने घर चले जाते हैं। कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को अभी तक कोई प्रैक्टिकल नहीं कराए गए, न ही डी एवं इ ग्रेड के विद्यार्थियों को अलग बैठालकर कक्षा चलाई जा रही है, जबकि शासन द्वारा ऐसे विद्यार्थियों को रेमेडियल मॉड्यूल वितरित किए गए हैं, ताकि इन विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण देकर उनका शैक्षिक स्तर सुधारा जा सके। शिक्षकों द्वारा अभी तक अर्धवार्षिक कापियों का मूल्यांकन नहीं किया गया है। हाई स्कूल खोजाखेड़ी में भी कमजोर विद्यार्थियों की अलग कक्षाये संचालित नहीं की जा रही है। इन विद्यालयों में यू डाइस फीडिंग भी असंतोषजनक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्य को निर्देशित किया कि सभी कमजोर विद्यार्थियों की अलग से कक्षा संचालित कर समय सीमा में कोर्स पूर्ण कराए।

## भगवान के दर्शन से कर्म नष्ट हो जाते है : पं संजय शास्त्री

दमोह। धर्म नगरी दमोह में नवीन जिन मंदिर का शिलान्यास समारोह के उपलक्ष्य में 170 तीर्थंकर महामंडल विधान का आयोजन किया गया जा रहा है। भगवान के दर्शन मात्र से अनेक भवों के बंधे हुए कर्म नष्ट हो जाते हैं। पंडित संजय शास्त्री कोटा ने मोक्ष मार्ग प्रकाशक के आधार पर भव्य जीवो को कल्याण मयीवाणी का श्रवण कराया। विधान में पंडित राजेन्द्र जी जबलपुर द्वारा रचित सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर की पूजा की गई। संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन पंडित विराग जी शास्त्री जबलपुर के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान अभाना, जबेरा, जबलपुर, खडेरी, बक्सवाहा, टीकमगढ़, सागर से आकर के मुमुक्षु भाइयों ने प्रवचन का लाभ लिया। विधान का आयोजन भगवान महावीर कुंदकुंद कहान ट्रस्ट दमोह के द्वारा आयोजित किया गया है।




## बाल रंग प्रतियोगिता में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

दमोह। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल मे राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता 2023 का आयोजन दिनांक 19 से 21 दिसंबर 2023 को आयुक्त, लोक शिक्षण भोपाल श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर अमिताभ पांडे ,लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक डी. एस. कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के तीन विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रस्तुति प्रदान कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें संस्कृत निबंध प्रतियोगिता में भुवनेश्वरी चक्रवर्ती कक्षा 10 ,उर्दू निबंध में जोया अख्तर कक्षा 12 तथा योग प्रतियोगिता में लाजी तिवारी कक्षा 12 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ दमोह जिले का नाम पूरे मध्य प्रदेश में रोशन किया है। मार्गदर्शी शिक्षक के रूप में बहादुर सिंह ठाकुर ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। सभी सफल विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. अहिरवार सहायक जिला परियोजना समन्वयक मोहन राय, जी.पी. पटेल, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुलक्षणा हजारी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हितग्राही जो आवेदन दे रहे हैं, उनका तत्परता से निराकरण करें- संभागायुक्त

चम्मपत पिपरिया में विकसित भारत सकंल्प यात्रा मे शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हितग्राही जो आवेदन दे रहे हैं, उनका तत्परता से निराकरण किया जाये, यदि तत्काल नहीं कर पाए तो समय-सीमा में सुनिश्चित किया जायें। जिन समस्याओं का निराकरण यहां नहीं हो पाता हैं, उनको विकासखण्ड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर या शासन स्तर पर अग्रेसित किया जाये। इसी उद्देश्य को लेकर आज हम यहां सभी एकत्रित हुए हैं, सभी इसमें सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चम्मपत पिपरिया विकासखण्ड पथरिया में संभागायुक्त सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा यहां पर जो आवेदन आयेंगे,उनका निराकरण समय सीमा में किया जाये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। संभागायुक्त सागर संभाग डॉ रावत ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही हैं। यह यात्रा अपने निर्धारित पंचायतों में जायेगी और शासन की जितनी भी योजनाएं हैं, उनका प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा यात्रा में बस कैंप लगाने का उद्देश्य यह नहीं है कि केवल यहां पर दिखाकर या बात करके चले गए, यहां पर मृदा परीक्षण कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड और जितनी भी योजनाएं हैं ,उनका प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरानयहां आधुनिक युक्ति से कृषि कार्य में तरल उर्वरक छिड़काव हेतु ड्रोन का प्रदर्शन किसानों के मध्य किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शपथ दिलाई। शिविर में आयुष्मान कार्ड, कृषि कार्य, उज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों की विस्तृत जानकारियां दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाईयां एवं स्वास्थ्य सबंधी सलाह दी गई।

## रास्ते में चाकू दिखा कर रुपए व बाईक छीनी

नोहटा। नोहटा में गुरुवार की दोपहर तीन व्यक्तियों के द्वारा मोटरसाइकिल चालक से नगदी एवं मोटरसाइकिल छीन ने का मामला प्रकाश में आया है। फरियादी ग्राम तांवरी जबेरा निवासी संतोष पटेल ने बताया कि वह कल गुरुवार की दोपहर वह अपने घर से नोहटा के बाजार में सब्जी बेचने के लिए जा रहा था। तभी नोहटा की बीडी कॉलोनी एवं नर्सरी के बीच एक गाड़ी पर तीन लोग आए और गाड़ी की किस्त मांगने लगे। किस्त देने से मना किया तो चाकू दिखाकर जब में रखे हुए 8100 रुपए एवं 1 महीने पहले ली हुई मोटरसाइकिल जिसमें सब्जी रखी थी छीन कर ले गए। पीड़ित के द्वारा नोहटा थाना में आकर आवेदन दिया गया। और द्वारा बताया गया कि पूरा मामला गाड़ी की किस्त को लेकर हुआ है। बुधवार के दिन दिशा मोटर्स मंझोली से किस्त मांगने के लिए पवन गुप्ता का फोन आया था। उसे समय गाड़ीकी किस्त के पैसे न होने के कारण उसने धमकी दी थी कि गाड़ी तो गाड़ी मैं तुम्हें तक उठवा लूंगा।

# नपा की बैठक एवं व्याप्त अनियमिततओं को लेकर सौंपा पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पार्षद विवेक सेन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि जब से नगर पालिका का गठन हुआ है तक से डेढ़ साल में केवल एक बार ही नगर पालिका परिषद की बैठक का आयोजन हुआ है जबकि कम से कम 6 माह में एक बार परिषद की बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे पार्षद को अपनी बात और वार्ड की समस्या सामने रखने का अवसर मिल सकें। साथ ही लंबे समय से प्रधानमंत्री आवास की प्रथम द्वितीय और तृतीय किस्तो का भुगतान भी प्रधानमंत्री आवास का पैसा रखा होने के बाद भी नहीं किया गया और पार्षदो को गुमराह किया गया। सभी पार्षद वार्ड में स्टीट लाईट बंद होने की शिकायत करते है आज दो दो माह बाद भी लाईटें नहीं सुधारी जा रही वार्डो में अंधेरा पसरा है। जिससे पार्षद के साथ साथ वार्ड वासी भी परेशान है ठेके पर लगे सफाई कर्मचारियों की स्वीकृति ना होने के कारण कर्मचारियों के अभाव में समस्त वार्डो एवं नगर में सफाई व्यवस्था चौपट है और समस्त निर्माण कार्य भी भुगतान और टेंडर न होने के कारण बंद पड़े है किसी भी विभाग में फोन लगाने पर अधिकतर कर्मचारी फोन नहीं उठाते। ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सभी समस्यों पर गंभीरता से ध्यान दे ताकि वार्ड और नगर की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सकें। इस मौके पर विवेक सेन, सुहाना राय, संजय पटेल, सुनैना धारू, गणेश प्रसाद जाटव, शैलेन्द्र जी, नमीता सिंह राजपूत, रवि श्रीवास्तव सहित समस्त पार्षदगण मौजूद रहे।




## कार्यालय नगर परिषद पटेरा, दमोह (म.प्र.)

क्रं./न.पा./2023/2365 — //निविदा सूचना// — पटेरा दिनांक-20/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | समयावधि एवं अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_320851_1 | Supply of 1 nos 50 HP Tractor with Loaderwith all specification as given at municipal council | 1 माह 11.65 लाख | 2000 रू 9000 रू | 24/01/2024 |
| 2. | 2023_UAD_320969_1 | Supply of 1 nos sewer suction machine 3000 liter capacity with all specification asgiven at municipal council | 1 माह 5.25 लाख | 2000 रू 5250 रू | 10/01/2024 |

नोट:- 1. इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी ई-टेंडरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in पर Key Date अनुसार देखी जाकर निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। 2. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो केवल ऑनलाईन किया जावेंगा समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर पालिका परिषद पटेरा दमोह